# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

## समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

निपुण भारत

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128

सेवा में,

1. प्राचार्य,
   जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
   समस्त जनपद, उ0प्र0।

2. **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
   समस्त जनपद, उ0प्र0।

पत्रांकः गुण0वि0/समर कैम्प/ 832 /2026-27 दिनांक 8/5/ 2026

विषयः- **परिषदीय एवं के0जी0बी0 विद्यालयों में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026 के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के पत्रांकः 10-14/2025-NCERT दिनांक 27 अप्रैल, 2026 **(छायाप्रति संलग्न)** का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो **विद्यालयों में 'भारतीय भाषा-ग्रीष्मकालीन शिविर (2026)' के आयोजन के सम्बन्ध में है।** उक्त संदर्भित पत्र में उल्लिखित है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत की भाषायी विविधताओं का सम्मान करते हुये बहुभाषावाद को बढ़ावा देती है। उक्त पत्र द्वारा गत वर्ष की भांति विद्यालयों में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर 2026 के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त ग्रीष्मकालीन शिविर का समय स्थानीय आवश्यकताओं एवं शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार निर्धारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि इस वर्ष ग्रीष्मकालीन शिविर के अन्तर्गत भारतीय सांकेतिक भाषा (Indian Sign Language-ISL) को एक नये आकर्षण के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं RPwD Act 2016 के अन्तर्गत मानकीकृत Indian Sign Language पर बल दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के उक्त संदर्भित पत्र द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि **मा0 शिक्षा मंत्री, भारत सरकार द्वारा दिनांक 13 मई, 2026 को 'भारतीय भाषा-ग्रीष्मकालीन शिविर (2026)' का शुभारम्भ किया जायेगा।**

2- **उद्देश्य :-**

- छात्र/छात्राओं को अपनी पसन्द की एक और भारतीय भाषा सीखने के लिये प्रोत्साहित करना।
- छात्र-छात्राओं में बहुभाषावाद को आनन्दमय एवं आकर्षक तरीके से सीखने के लिये बढ़ावा देना।
- छात्र-छात्राओं को उनकी मातृभाषा के अतिरिक्त उनकी पसन्द की किसी अन्य भारतीय भाषा में बुनियादी बातचीत संबंधी कौशल प्राप्त करने में सक्षम बनाना।
- Indian Sign Language के माध्यम से भाषा में समावेशिता को बढ़ावा देना।
- भाषा सीखने के माध्यम से आपसी सम्मान, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना।
- बच्चों द्वारा आत्म-परिचय, शब्दावली निर्माण, वास्तविक जीवन में बातचीत का अभ्यास, संस्कृति की सराहना, प्रोत्साहन एवं आत्म विश्वास उत्पन्न करना।

3- शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के कम में **'भारतीय भाषा-ग्रीष्मकालीन शिविर (2026)' के आयोजन के सम्बन्ध में निम्नवत्** निर्देशित किया जाता है :-

1. **'भारतीय भाषा-ग्रीष्मकालीन शिविर (2026)'** के दौरान समस्त परिषदीय एवं के0जी0बी0 विद्यालयों में एक सप्ताह (प्रति दिवस 02 घंटे) का कार्यक्रम **दिनांक 13 मई से 19 मई, 2026 तक** आयोजित किया जाये।
2. **'भारतीय भाषा-ग्रीष्मकालीन शिविर (2026)'** के अन्तर्गत **क्रियान्वित की जाने वाली सुझावात्मक गतिविधियों की सूची संलग्न है।**
3. ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान प्रत्येक विद्यालय द्वारा भाषा शिक्षकों की उपलब्धता के आधार पर पढ़ाई जाने वाली भाषा का चयन किया जायेगा। एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0 द्वारा पी0एम0-ई0विद्या चैनल के माध्यम से शिविर में शिक्षकों के उपयोगार्थ Indian Sign Language से संबंधित शैक्षणिक कन्टेण्ट्स उपलब्ध कराये जायेंगे।

4. विद्यालयों में उक्त शिविर के आयोजन हेतु जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा समन्वय एवं अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा।
5. विद्यालयों में **'भारतीय भाषा–ग्रीष्मकालीन शिविर (2026)'** कार्यक्रम से सम्बन्धित गतिविधियों के आयोजन में जनपद में कार्यरत स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं से भी अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाये।
6. **'भारतीय भाषा–ग्रीष्मकालीन शिविर (2026)'** के अन्तर्गत क्रियान्वित की जाने वाली गतिविधियों/कार्यक्रमों के संबंध में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों को यथावश्यक निर्देश एस0सी0ई0आर0टी0 के स्तर से प्रेषित किये जायेंगे।
7. प्राचार्य, डायट, मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा समस्त जिला समन्वयक एवं एस0आर0जी0 तथा ए0आर0पी0 द्वारा विद्यालयों का भ्रमण/सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करते हुये सर्वसंबंधित को प्रोत्साहित किया जाये।
8. **'भारतीय भाषा–ग्रीष्मकालीन शिविर (2026)'** के अन्तर्गत विद्यालयों एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के फोटोग्राफ्स, वीडियो आदि का अभिलेखीकरण किया जाये तथा तत्संबंधी संक्षिप्त आख्या, बेस्ट प्रैक्टिसेज, सक्सेस स्टोरी एवं नवाचार इत्यादि की सूचना राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध करायी जाये। तत्संबंधी गूगल लिंक राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा पृथक से प्रेषित किया जायेगा।
9. विद्यालयों में **'भारतीय भाषा–ग्रीष्मकालीन शिविर (2026)'** कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम के संबंध में होने वाला व्यय विद्यालय **कम्पोजिट ग्राण्ट** से किया जायेगा।
10. कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु श्री आनन्द कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ विशेषज्ञ, गुणवत्ता यूनिट, समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार अपने जनपद में समस्त परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में **'भारतीय भाषा–ग्रीष्मकालीन शिविर (2026)'** का कुशलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित कराये जाने हेतु इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुये सर्व सम्बन्धित को अपने स्तर से निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

<u>संलग्नक–उक्तवत्</u>

भवदीया,

(मोनिका रानी)
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**
**उत्तर प्रदेश।**

**पृष्ठांकन संख्या :गुण0वि0/समर कैम्प/** 832 **/2026–27 तद्दिनांक।**

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>**

1. अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. संयुक्त सचिव, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला शिक्षा एवं परियोजना समिति, समस्त जनपद, उ0प्र0।
4. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
5. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0, लखनऊ।
6. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के उपर्युक्त संदर्भित पत्र दिनांक 27 अप्रैल, 2026 के कम में निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही तथा एस0सी0ई0आर0टी0 स्तर से नोडल अधिकारी नामित किये जाने हेतु प्रेषित।
7. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
8. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उ0प्र0।
9. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
10. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) एवं बालिका शिक्षा, समस्त जनपद, उ0प्र0।

(मोनिका रानी)
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**
**उत्तर प्रदेश।**

M.